



1st GRADE NEWSLETTER

# दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## अनूपशहर

( संबद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ )
NAAC Accredited Grade 'B' with CGPA 2.71
JULY TO DECEMBER 2024 VOL.4 ISSUE 2



**श्री जय प्रकाश गौड़ जी**
**संस्थापक जे पी ग्रुप**
**अध्यक्ष एंग्लो वैदिक एजुकेशनल एसोसिएशन**

## हमारे मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोतत

प्रगति के पथ पर, शिक्षा ही वह माध्यम है जो हमारे देश को न केवल अपनी संस्कृति को संरक्षित करने की अनुमति दे सकती है बल्कि हमारे युवा देशवासियों के मस्तिष्क को भी प्रज्वलित कर सकती है और उन्हें अन्य विकसित देशों के नागरिकों के बराबर होने के लिए सशक्त बना सकती है। 21वीं सदी में विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रगति का एक पुनर्मूल्यांकन करेंगे जो आज हमारी कल्पना से परे है और जो पृथ्वी ग्रह की सीमाओं को पार कर जाएगा ताकि मनुष्य अनंत ब्रह्मांड के साथ अपना प्रयास शुरू कर सके। नेल्सन मंडेला की प्रसिद्ध उक्ति "शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसका उपयोग दुनिया को बदलने के लिए किया जा सकता है" में दृढ़ विश्वास है। हम पूरी तरह से इस विचार का समर्थन करते हैं कि शिक्षा आर्थिक विकास की आधारशिला है और भारतीय जनता की ताकत को केवल शिक्षा से ही जोड़ा जा सकता है। भारत का वास्तविक भविष्य इसके हजारों छोटे शहरों और गांवों में निहित है, जहां लाखों लड़के और लड़कियां रात में जागते हुए सपने देखते हैं कि क्या हो सकता है और हम यह भी मानते हैं कि उन सपनों को पूरा करने और उन्हें ऊंची उड़ान भरने में मदद करने की कुंजी एक अच्छी शिक्षा है।

हम अपने छात्रों को आधुनिक भारत के आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी नागरिकों के रूप में आकार देते हुए उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सबसे आधुनिक शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ये संस्थान ज्ञान की गंभीर खोज के साथ अनुशासन और चरित्र निर्माण को विकसित करने का प्रयास करेंगे, सबसे उन्नत शिक्षण प्रथाओं और उच्च नैतिक मानकों का उपयोग करेंगे ताकि हमारे शिक्षक और छात्र आगे बढ़ सकें और अपने देश को अपने जीवनकाल में एक उन्नत राष्ट्र में बदल सकें। .



**प्रोफेसर जी0के0 सिंह**
**प्राचार्य**

## प्राचार्य का संदेश

वर्तमान सदी सूचना एवं जनसंचार प्रौद्योगिकी के नाम है। इस प्रौद्योगिकी के विकास, उपयोग एवं संचार में विद्यालयों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि विद्यालय इनका उपयोग कर, इसके विकास को गति प्रदान करते हैं। भूमण्डीय एवं उदारीकरण की वर्तमान पीढ़ी में प्रत्येक व्यक्ति त्वरित जानकारी हेतु सूचना एवं जन संचार के साधनों का प्रयोग कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करके शिखर पर पहुँचना चाहता है। संचार की प्रक्रिया व्यक्ति के आत्मिक एवं सांस्कृतिक विकास में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और प्रगतिशील सामाजिक विकास में वा नैतिक आदर्शों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यही मेरे और आपके विचारों वा अपेक्षाओं की जानकारी का माध्यम है वा यही हमारे उद्देश्यों, लक्ष्यों को आप तक ले जाने का भी माध्यम है।आज सूचना प्रौद्योगिकी ने हमें एक साथ अनेकानेक लोगों से सीधे जोड़ दिया है। अब वह संघर्ष का समय पैदल, साइकिल, द्वारा व्यक्तिगत सम्पर्क के माध्यम से आपके सुझावों, एवं सहयोग के एकत्रण की तीव्रता मुझे आप सबका आभारी बनाती है। मुश्किलें हर लक्ष्य के मार्ग में जरूर आती है परन्तु दिनकर जी कि पंक्तियाँ मेरे हौंसले को बढ़ाती रही है "मुश्किले दिल के इरादे आजमाती है स्वप्न के निगाहों से हटाती है, हौसला मत हार, गिरकर मुसाफिर ठोकरें इंसान को चलना सिखाती है"।शिक्षा, बालक में अन्तर्निहित गुणों का विकास करती है। समस्त ज्ञान मनुष्य के अन्तर में अव्यवस्थित है, उसे केवल जागृति व प्रबोधन की आवश्यकता है और वास्तव में बस इतना ही शिक्षक का कार्य है। मेरा उद्देश्य यही रहा है कि बालक को इस प्रकार शिक्षा दी जाए कि उसका चरित्र बने एवं बुद्धि का विकास हो उसकी मानसिक शक्ति का विकास हो और वह अपने पैरों पर खड़ा हो सके। इन्हीं लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए मातृभाषा हिन्दी माध्यम के साथ-साथ आंग्ल भाषा को भी शिक्षा का माध्यम आप सभी के सुझावों व मांगों को ध्यान में रखकर अपनाया गया है।



**डा0 तरुण श्रीवास्तव**
**सम्पादक**

## सम्पादकीय

आप जिंदगी में जो भी बनो, जो भी करो। लेकिन,उसके साथ-साथ,आप एक शिक्षक जरूर बनना और अपनी जिंदगी में आपने जो भी पढ़ा है और जो भी सीखा है, वह लोगों के के साथ और आने वाली पीढ़ी के साथ जरूर साझा करना। क्योंकि महाविद्यालय के शिक्षकों से ज्यादा महत्वपूर्ण जिंदगी के शिक्षक होते हैं।

शिक्षकों को छात्रों को सदा सत्य का अनुसरण करने के साथ साथ सत्य के संग रहने का संदेश देना चाहिए ताकि उच्च कोटि की गुणवत्ता के साथ अन्तराष्ट्रीय स्तर पर भी छात्र अपना व अपने अध्यापकों का भी सम्मान बढ़ा सके और इस से जुर्म का खात्मा भी एक हद तक सम्भव हो सकेगा। हम सब ने अपने बचपन में जादुई डिबिया वाली कहानी पढ़ी है। इसमें जादू की छड़ी या डिबिया से जो मांगों - मिलता है। इस कहानी को पढ़कर हम रोमांचित होते थे एवं सोचते थे कि काश हमारे पास भी ऐसी कोई जादुई छड़ी होती। आप यकीन मानो, यह आज भी संभव है 'शिक्षा' वह जादू की छड़ी है जिसके द्वारा हम जीवन में जो चाहे पा सकते हैं। शिक्षा द्वारा अर्जित सफलता से हमें जीवन में मान-सम्मान मिलता है तथा हमारी भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति होती है।

आभार सहित




# 1st GRADE NEWSLETTER

JULY 2024 TO DECEMBER 2024 Vol. 4 Issue 2

बीसीए विभाग के तत्वावधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जीके सिंह ने की, इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने वक्तव्य में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए साइबर क्राइम से संबंधित जुड़े मुद्दों तथा इन से उत्पन्न होने वाले विभिन्न प्रकार की समस्याओं के विषय में चर्चा की तथा विद्यार्थियों को अवगत कराया कि साइबर अपराध एक ऐसे अपराध की श्रेणी है जो भारत में मोबाइल और इंटरनेट के माध्यम से तीव्र गति से बढ़ रहा है इन घटनाओं में पिछले कुछ समय में वृद्धि देखी गयी है तथा इसे कम करने के लिए प्रत्येक नागरिक को जो इन्टरनेट का उपभोक्ता है उसे इन्टरनेट जागरुकता के विषय में जानकारी लेनी होगी जिससे इन अपराधों में कमी आ सके, आगे संबोधित करते हुए प्राचार्य जी ने बताया की साइबर अपराध के लिए सरकारे अलग अलग कानूनों के माध्यम से इस पर नियंत्रण करने का प्रयास कर रही है लेकिन प्रत्येक व्यक्ति की पहल से ही इन अपराधों पर नियंत्रण पाया जा सकता है।




महाविद्यालय में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के उपलक्ष में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन भौतिकी विभाग के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में डीपीबीएस महाविद्यालय, एलडीएवी इंटर कॉलेज एवं जेपी विद्या मंदिर की एनसीसी कैडेट्स ने प्रतिभागिता की। विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में ऊर्जा संरक्षण के उपायों पर अपने विचार उपस्थापित किए ।भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं इस कार्यक्रम के संयोजक कैप्टन यजवेन्द्र कुमार ने बताया कि ग्रीन हाइड्रोजन, पानी को इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया के ज़रिए नवीकरणीय बिजली से हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में तोड़कर बनाई जाती है. इस प्रक्रिया में बहुत कम या कोई कार्बन उत्सर्जन नहीं होता. ग्रीन हाइड्रोजन, पृथ्वी पर सबसे ज़्यादा पाए जाने वाले तत्वों में से एक है और यह स्वच्छ वैकल्पिक ईंधन का विकल्प है. ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में ग्रीन हाइड्रोजन का महत्वपूर्ण स्थान है अन्य ऊर्जा उपाय जहां हमारे पर्यावरण को दूषित करते हैं वही ग्रीन हाइड्रोजन हमारे पर्यावरण को बिल्कुल भी प्रदूषित नहीं करती है।



महाविद्यालय में समाजशास्त्र तथा अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्यअतिथि श्री अजय कुमार शुक्ला ने अपने लेक्चर के माध्यम से छात्र छात्राओं को डिजिटल मीडिया तथा सोशल मीडिया के प्रभावों के विषय में चर्चा की जिसके अंतर्गत उन्होंने विभिन्न प्रकार के सोशल मीडिया से जुड़े मुद्दों के विषय में चर्चा की जिसमे बच्चो में पाए जाने वाली सोशल मीडिया की लत के विषय में बताया साथ ही साथ डिजिटल फ्रॉड, बैंकिंग फ्रॉड आदि से संबंधित विषयों के बारे में छात्र छात्राओं को बताया इसके अलावा डिजिटल मीडिया के राजनैतिक प्रभावों में फेक न्यूज़, डीप फेक तथा राजनीतिक ट्रोलिंग के माध्यम से राजनैतिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने के साथ अंधविश्वास को बढ़ावा देने जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं




महाविद्यालय में संस्कृत विभाग द्वारा गीता जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गीता हिंदू धर्म का मुख्य ग्रंथ है इसके पढ़ने से जीवन जीने की कला का विकास होता है। गीता मानसिक स्वास्थ्य के लिए औषधि के समान वरदान है । अतः हम सभी को गीता का पाठ करना चाहिए। संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष श्री लक्ष्मण सिंह ने संबोधित करते हुए कहा के गीता केवल राष्ट्रीय ही नहीं अपितु अंतरराष्ट्रीय स्तर का ग्रंथ है इसमें 700 श्लोकों के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण ने उपदेश प्रदान किया है।




महाविद्यालय में अंतर्महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम का महाविद्यालय आने पर सम्मान आयोजित किया गया। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत अंतर्महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024- 25 एनसीपीई कालेज नोएडा में आयोजित की गयी । इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय से चार सदस्यीय टीम ने प्रतिभाग किया , जिसमें महाविद्यालय छात्रा कुमारी अंजू ने त्रिकूद में स्वर्ण पदक एवं लंबी कूद में रजत पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है



महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता बूस्ट-2024 का सोत्साह शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सभी अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके बाद सभी एथलीट द्वारा मार्च निकालकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन हुआ। सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि सभी प्रतिभागियों को इन प्रतियोगिताओं में खेल भावना के साथ भाग लेना चाहिए ।आपने "असफलता एक चुनौती है इसे स्वीकार करो" कविता के माध्यम से भी सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय के संस्थापक सदस्य श्री सेवक चंद्र गुप्ता जी ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को भी महत्व देना चाहिए हमारी सबसे बड़ी संपत्ति हमारा अच्छा स्वास्थ्य है जो कि हमें खेलों से स्वत: ही प्राप्त हो जाता है, अतः हमें प्रतिदिन किसी न किसी खेल को अवश्य ही खेलना चाहिए

महाविद्यालय में भारत रत्न डॉ बी0 आर0 अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर जी के सिंह ने कहा कि संवैधानिक मूल्यों के माध्यम से एक सामंजस्यपूर्ण भारतीय राष्ट्र की स्थापना करना चाहते थे. उन्हें अहसास था कि यदि समाज के अंतर्निहित विरोधाभासों से प्रभावी ढंग से नहीं निपटा गया तो संविधान के उच्च आदर्श अधूरे रह जाएंगे।




महाविद्यालय में मिशन शक्ति फेस 5 कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का उद्घाटन अधिशासी अधिकारी नगर नगर पालिका अनूपशहर श्रीमती गार्गी त्यागी के करकमलों द्वारा हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती गार्गी त्यागी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अनूपशहर ने कहा कि समाज का सबसे सक्रिय वर्ग हमें विशेषत: महाविद्यालय में प्राप्त होता है यदि हम स्वच्छता के प्रति विद्यार्थियों में एक स्वच्छ संदेश प्रेषित करते हैं तो इन विद्यार्थियों के द्वारा वह संदेश समस्त समाज को प्राप्त हो जाता है निश्चित ही यह कार्यक्रम हमारे समाज की स्वच्छता के प्रति एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम साबित होगा।







DURGA PRASAD BALJEET SINGH PG COLLEGE

FACULTY OF COMMERCE & EDUCATION

FACULTY OF ART AND SCIENCE


FACULTY OF COMPUTER APPLICATION






# 1st GRADE NEWSLETTER

JULY 2024 TO DECEMBER 2024 Vol. 4 Issue 2








महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव समागम 2024-25 के दूसरे दिन चित्रकला प्रदर्शनी, फूड फेस्ट एवं कवि सम्मेलन का कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। इस प्रदर्शनी में महाविद्यालय के चित्रकला विभाग के छात्र छात्राओं द्वारा निर्मित सौ से अधिक मनोहर कलाकृतियों एवं पेंटिंग्स को प्रदर्शित किया गया, ये पेंटिंग्स प्राकृतिक सौंदर्य, मानव संवेदना, मानवीय मूल्य, पर्यावरणीय संरक्षण, सामाजिक सरोकार, राष्ट्र प्रेम, भक्ति रस जैसे विषयों के रंग से सरोवर थी, जिन्हें देखकर सभी ने बहुत सराहा। द्वितीय सत्र में फूड फेस्ट कार्यक्रम का शुभारंभ गृहविज्ञान विभाग के छात्र छात्राओं द्वारा पानीपूरी, भेलपूरी, पावभाजी, सैंडविच, बर्गर, पकौड़े, मोमोज, चॉउमीन एवं मिष्ठान के अनेकों स्टॉल लगाए गए। सभी स्टॉल पर पौष्टिक एवं स्वादिष्ट व्यंजनों को बनाया गया। तृतीय सत्र में कवि सम्मेलन का शुभारंभ कवि डॉ आलोक बेजान ने की तथा मंच का संचालन बहजोई से आए हुए कवि सौरभ कांत शर्मा ने किया। कवि सम्मेलन में मीनू मीनाक्षी ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति कर प्रांगण में भक्ति रस की बयार बहा दी साथ ही समसामयिक विषयों पर कविता पाठ किया। महाविद्यालय के पूर्व छात्र एवं कवि अमित यश ने श्रंगार रस की कविता को प्रस्तुत किया। कवि डॉ. मोहित माधव ने युवाओं को संबल प्रदान करने वाले अनेक मुक्तकों को प्रस्तुत कर युवा तरुणाई को सफल होने के लिए प्रेरित किया। गाजियाबाद से आए कवि डॉ. सतीश वर्धन ने प्रेम वफा की कविताओं से श्रोताओं को लुभाया। डॉ अनिल बाजपेई ने हास्य एवं वीर रस की कविताओं से राष्ट्र प्रेम की भावनाओं से श्रोताओं को ओत प्रोत कर दिया।

महाविद्यालय में "कॉफ़ी विद प्रिंसिपल" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत मेधावी छात्रों से फीडबैक लिया गया और उनकी समस्याओं को जाना गया. महाविद्यालय के विकास में छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महाविद्यालय के इतिहास विभाग में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसका शीर्षक एक क्ंातिकारी-बासुदेव बलबन्त फड़के रहा और बासुदेव बलबन्त फड़के की क्रांतिकारी की गतिविधियों पर प्रकाश डालकर छात्र-छात्राओं को अवगत कराया इतिहास विभाग के डा0 नरेश चन्द्र शर्मा ने कहा बासुदेव बलबन्त फडके महाराष्ट्र में जन्में एक महान क्रातिकारी थे जिन्होने किसानों की दयनीय स्थिति को ब्रिटिश हुकूमत के लिये जिम्मेदार मानते थे । उन्होंने ब्रिटिश हुकूमत को जड़ से उखाड़ने के लिये युवाओं के संगठित किया और सशस्त्र क्रांति की और युवाओं में देश प्रेम की भावना से ओत-प्रोत कर दिया ।

महाविद्यालय के 30 छात्रों का चयन ग्रोफास्ट ग्रुप ऑफ कंपनीज, लखनऊ के द्वारा किया गया है।सभी 2022-24 सत्र के छात्र हैं।छात्रो का चयन इंटरव्यू के आधार पर किया गया है। इस अवसर पर प्रदीप सिंह, रीजनल सेल्स मैनेजर ने बताया कि ग्रोफास्ट कंपनी कृषि क्षेत्र की एक अग्रणी कंपनी है यह कंपनी कमर्शियल प्लांटेशन और ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर्स पर कार्य करती है । इस अवसर पर एरिया सेल्स मैनेजर ने 80 छात्रो का सेल्स रिप्रेजेंटेटिव की पोस्ट पर इंटरव्यू लिया जिसमे से 30 छात्रो का चयन किया गया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के समन्वयक पंकज गुप्ता और सयोजक डॉ तरुण श्रीवास्तव ने छात्र को शुभकामनाएं दीं।

महाविद्यालय में भूगोल विभाग द्वारा भूगोल जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। भूगोल विभाग के प्रभारी श्री निमेष कुमार ने बताया कि भूगोल जागरूकता सप्ताह नवंबर मास के हर तीसरे सप्ताह में मनाया जाता है, इसका उद्देश्य हर किसी के जीवन में भूगोल के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को पर्यावरण के साथ अपने संबंधों पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित करना है। साथ ही आपने बताया कि भूगोल विषय विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी के संदर्भ में भी मुख्य भूमिका का निर्वाह करता है।

नेहरू युवा केंद्र बुलंदशहर , एक दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं में शीर्ष स्थान अर्जित कर जनपद स्तर पर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस क्रम में जहाँ भाषण प्रतियोगिता में भूमिका कुशवाहा ने प्रथम स्थान अर्जित कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया तो वहीं फोटोग्राफी में छाया चौधरी ने अव्वल रह कर महाविद्यालय का नाम जनपद स्तर पर रोशन किया। भाषण प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त करने हेतु भूमिका कुशवाहा को 5000 रुपए का चेक व प्रमाण पत्र एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाली छाया चौधरी को 2500 रुपए का चेक व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय में वर्तमान परिस्थितियों में वैश्विक परिदृश्यों पर प्रभाव के विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन बी ए और बी कॉम विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि टी0 आर0 कक्कड पूर्व किल्ली पुलिस कमिश्नर ने कहा विश्व के इतिहास में ऐसा कोई महान दूरदर्शी नेता नहीं हुआ जिसने इतनी बड़ी रियासतों का विलय कराया हो उन्होंने नारा दिया एक भारत श्रेष्ठ भारत का नारा देकर युवाओं में जोश भर दिया। उनके इस नारे ने देश के युवाओं में देश प्रेम की भावना को जागृत किया। ।

महाविद्यालय में काकोरी ट्रेन एक्शन की 100 वर्षगांठ के उपलक्ष में महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में छात्रों के सर्वांगीण विकास के विषय में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला तथा यह बताया कि कला मानव की सृजनात्मक तथा उसकी कल्पनाशीलता की परिणिति होती है कला मानव की कल्पनाओं को व्यापक तथा मनोभाव को चित्र के माध्यम से अभिव्यक्त करने का माध्यम तथा विद्यार्थी जीवन में कला के महत्व को समझाया









**DURGA PRASAD BALJEET SINGH PG COLLEGE**

FACULTY OF COMMERCE & EDUCATION | FACULTY OF ART AND SCIENCE | FACULTY OF COMPUTER APPLICATION









# 1st GRADE NEWSLETTER

JULY TO DECEMBER 2024 Vol. 4 Issue 2


महाविद्यालय के विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए नरौरा परमाणु संयंत्र की स्टार्टअप यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का उद्देश्य छात्रों को प्रयोगशाला विखंडन से ऊर्जा उत्पादन के तंत्र को व्यावहारिक तरीके से समझाना था। नरोरा परमाणु स्टेशन की स्थापना 1989 में हुई थी और इसका पूर्ण संचालन 1992 में शुरू हुआ था। इस परमाणु ऊर्जा स्टेशन की कुल क्षमता 440 मेगावाट है।
गियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल हमें स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं एवं स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है।



महाविद्यालय में कॉमर्स विभाग एवम रोवर रेंजर इकाई द्वाराशहीदे ए आजम भगत सिंह की जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रोफेसर पी के त्यागी ने कहा कि भगत सिंह एक क्रांतिकारी थे. जिन्होंने भारत की आजादी के लिए अपनी जान की परवाह किया बिना अंग्रेजों से जमकर टक्कर ली. आज का दिन भगत सिंह की जंयती के रूप में मनाया जाता है.




महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जी.के. सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के समारोह पर "स्वच्छता ही सेवा" कार्यक्रम के अंतर्गत विचार गोष्ठी एवं स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। स्वच्छता रैली को उप जिलाधिकारी अनूपशहर श्रीमती प्रियंका गोयल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उसके पश्चात् सभी स्वयंसेवक एवं एनसीसी कैडेट्स बबस्टरगंज स्थित गंगा घाट पर पहुंचे एवं गंगा घाट की विशेष स्वच्छता अभियान चलाते हुए वहां पर उपस्थित श्रद्धालुओं को भी गंगा को स्वच्छ रखने हेतु प्रेरित किया ।

महाविद्यालय में एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य, प्रो0 जी0 के0 सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के फलदार पौधों को महाविद्यालय परिसर में रोपित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 जी.के. सिंह ने कहा कि वृक्ष धरती के श्रृंगार हैं और वृहद वृक्षारोपण के ऐसे कार्यक्रमों को जनांदोलन का रूप देकर इस पृथ्वी को सुंदर बनाया जा सकता है। इस कार्यक्रम में प्राध्यापकों, भारत स्काउट और गाइड रोवर/ रेंजर ,एनसीसी कैडेट्स, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।



महाविद्यालय में सांख्यिकी और गणित विषय में रोजगार के अवसर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला में मुख्य अतिथि दिल्ली किरोड़ीमल कॉलेज से पधारे डॉक्टर प्रेमपाल सिंह और सुरेंद्र कुमार सिंह ने छात्रो का मार्गदर्शन कि इस अवसर पर डॉक्टर प्रेमपाल सिंह ने बताया कि गणित विषय में रोजगार के अवसर भविष्य के लिए निर्णायक कारक भी माना जाता है छात्र गणित विषय को कठिन विषय समझते हैं यदि प्रारंभ से ही गणित को सही प्रकार से हैंडल किया जाए तो गणित पर अच्छी पकड़ हो सकती है गणित का अर्थ केवल जोड़ना घटाना गुणा और भाग देना नहीं है बल्कि जटिल समस्याओं का संविधान करना है

महाविद्यालय में गृह विज्ञान विभाग में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। बीए द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये एवं बीए प्रथम वर्ष की छात्राओं के द्वारा रैम्प वॉक प्रस्तुत किया गया। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा मोनिका को मिस फ्रेशर चुना गया।



महाविद्यालय में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ,पुरातन छात्र एवं प्रसिद्ध कवि अमित कुमार यश ने हिंदी दिवस के उपलक्ष पर हिन्दी पर आधारित "जिसको बोलने से आए बोली में मीठापन। उस हिंदी को हम भारत में हिंदी मां कहते हैं" कविता के माध्यम से हिंदी का महत्व प्रकट किया।आपने "मेरे राम ने मानवता का क्या अद्‌भुत पाठ पढ़ाया" के माध्यम से श्रोताओं को श्रीराम के जीवन के आधारित मानवता का पाठ सिखाया।

महाविद्यालय में शासन द्वारा निर्देशित सेमीकॉन इंडिया 2024 विषय पर एक ई - कांफ्रेंस का आयोजन वाणिज्य, बी सी ए विभाग एवं रोवर रेंजर द्वारा कराया गया। कार्यक्रम का आरंभ देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा दिए जा रहे उद्बोधन को इंटरएक्टिव पैनल पर दिखा कर विद्यार्थियों का प्रतिभाग कराया। कॉन्फ्रेंस में बताया कि भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग की वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए स्मार्टफोन, ऑटोमोटिव और डेटा स्टोरेज इनोवेशन की मांग में भारी वृद्धि हो रही है। निरंतर प्रौद्योगिकी प्रगति को बढ़ावा देने और घरेलू मांग को पूरा करने में मदद करने के लिए, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक पहल है।





महाविद्यालय में शिक्षक दिवस कार्यक्रम उत्साह पूर्वक मनाया गया |इस कार्यक्रम में सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया| इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के संरक्षक श्रद्धेय श्री जयप्रकाश गौड़ ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि आने वाले 10 वर्ष भारत देश की प्रगति के लिए विशिष्ट है, ऐसे में सभी शिक्षकों की भूमिका बहुत महत्त्वपूर्ण है| सभी शिक्षक अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए राष्ट्र की प्रगति में सहायक बने| महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. गिरीश कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जीवन दर्शन पर विचार रखते हुए सभी शिक्षकों से आह्वान किया कि अपने सार्वजानिक जीवन को मानवीय एवं सामाजिक मूल्यों से ओतप्रोत तथा दोषमुक्त रखते हुए उज्जवल रखे|




महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. जी. के. सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आपको सबसे पहला कार्य यह करना है कि आप नियमित रूप से निर्धारित गणवेश में महाविद्यालय आयें एवं अपनी सभी कक्षाओं मैं उपस्थित रहकर विधिवत शिक्षा ग्रहण करें, उन्होंने शैक्षणिक उत्कृष्टता, अखंडता और समग्र विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से कॉलेज द्वारा प्रदान किए गए अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने एवं अपने सर्वांगीण विकास हेतु महाविद्यालय में पाठ्यसहगामी विभिन्न क्रिया कलापों में बढ़ चलकर प्रतिभाग करने का आवाहन किया। महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताते हुए प्रो. सिंह ने बताया कि छात्राओं हेतु नि:शुल्क सेनेटरी पैड डिस्पेंसर, नि:शुल्क फोन कॉल की सुविधा, दिव्यांग छात्रों की सुविधा हेतु व्हीलचेयर, कौशल विकास हेतु निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा तथा सिलाई बुनाई की सुविधा एवं साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने हेतु विद्यार्थियों को वातानुकूलित डिजिटल लाइब्रेरी केंद्र की सुविधा महाविद्यालय में उपलब्ध है।

महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. गिरीश कुमार सिंह के द्वारा शिक्षकों शिक्षक कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा वितरित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. गिरीश कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय ध्वज के इतिहास को बताते हुए सभी से ध्वज संहिता को ध्यान में रखते हुए घर पर ध्वज लगाने का आह्वान किया।








प्रकाशित द्वारा- दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर कॉलेज, अनूपशहर (बुलंदशहर।)
आप कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट http://www.dpbspgcollege.edu.in/ से समाचार पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।
किसी भी सुझाव के लिए आप हमें dpbspgcollege65@gmail.com पर मेल करें